**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3059 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**नदीय नेटवर्क के माध्यम से कनेक्टिविटी**

**† 3059. श्री सुरेश कुमार शेटकर :**
**श्री इटेला राजेंदर :**
**श्रीमती डी. के. अरुणा :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महासागरों के राष्ट्रों और समाजों के लिए साझी विरासत होने के साथ- साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की जीवन रेखा होने के मद्देनजर, सरकार ने पिछले दशक के दौरान देश के पत्तनों की क्षमता को दोगुना करके और पत्तन दक्षता में वृद्धि करके, टर्नअराउंड समय को कम करके और नदीय नेटवर्क के माध्यम से अंतिम मील तक संपर्क को सुदृढ़ करके देश की तटरेखा का परिवर्तन किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत दस वर्षों के दौरान इसमें क्या प्रगति हुई है तथा पत्तनवार कितनी निधि स्वीकृत/ उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ख):** जी हां। महापत्तनों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता वित्त वर्ष 2013-14 की 800.52 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 1630 एमटीपीए हो गई। महापत्तनों में वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक पूरी की गई परियोजनाओं की पत्तनवार लागत के साथ-साथ टर्नअराउंड समय को कम करना, पत्तन दक्षता को बढ़ाना और अंतिम छोर संपर्कता को सुदृढ़ करने संबंधी मुख्य उपलब्धियां, **अनुबंध-I और II** में दी गई हैं।

**अनुबंध-I**

**दक्षता मानदंडों के ब्यौरे**

| क्रम सं. | मानदंड | 2013-14 | 2023-24 | सुधार (%) |
|---|---|---|---|---|
| (क) | महापत्तनों में हैंडल किया गया कार्गो (एमटीपीए) | 555.48 | 820 | 47 |
| (ख) | महापत्तनों की क्षमता (एमटीपीए) | 800.52 | 1630 | 103 |
| (ग) | महापत्तनों का कंटेनर टर्नअराउंड समय (घंटे में) | 41.76 | 30.12 | 27 |
| (घ) | महापत्तनों में संपूर्ण टर्नअराउंड समय (घंटे में) | 93.59 | 48.06 | 48 |
| (ङ) | महापत्तनों में तटीय पोत परिवहन द्वारा हैंडल किया गया कार्गो | 87 | 162 | 86.21 |
| (च) | अंतर्देशीय जलमार्गो द्वारा हैंडल किया गया कार्गो (मिलियन मीट्रिक टन) | 6.89 | 133.03 | 1830 |
| (छ) | प्रचालनरत राष्ट्रीय जलमार्ग | 03 | 24 | 700 |
| (ज) | जलमार्गों में मल्टी- मॉडल टर्मिनल | 16 | 26 | 62 |

अनुबंध-II

वित्त वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक पूरी की गई परियोजनाओं की महापत्तन-वार लागत

| क्रम सं. | पत्तन | परियोजनाओं की लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | चैन्ने पत्तन प्राधिकरण | 443.12 |
| 2. | कोचिन पत्तन प्राधिकरण | 1416.62 |
| 3. | दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण | 3340.28 |
| 4. | जवाहरलाल पत्तन प्राधिकरण | 8432.96 |
| 5. | कामराजार पत्तन लिमिटेड | 7821.66 |
| 6. | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | 2232.58 |
| 7. | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण | 283.90 |
| 8. | नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण | 1010.73 |
| 9. | पारादीप पत्तन प्राधिकरण | 4501.89 |
| 10. | श्यामा प्रसाद पत्तन प्राधिकरण | 1808.97 |
| 11. | वी. ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | 1904.05 |
| 12. | विशाखापट्टनम पत्तन प्राधिकरण | 3870.72 |
| **कुल योग** | | **37067.48** |

*****